

# बढ़ी आगजनी की घटनाएं, दमकल सेवा चुनौतीपूर्ण

## दमकल की कमी के चलते समय पर न पहुंचने के कारण ग्रामीणों को खुद ही अपनी जान जोखिम में डालकर बुझानी पड़ती है आग

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 अप्रैल। बढ़ी आगजनी की घटनाओं के चलते दमकल सेवा चुनौतीपूर्ण हो गई है। गर्मी में आगजनी की घटनाओं इजाफा और दमकल की कमी के चलते समय पर न पहुंचने के कारण ग्रामीणों का खुद ही अपनी जान जोखिम में डालकर आग बुझानी पड़ती है।**

गौरतलब है कि गर्मी के दस्तक देने के साथ सीधी जिले में आगजनी की घटनाएं हर साल में बढ़ने लगती हैं। आरंभ में जहां खलिहानों में आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं वहीं घर एवं दुकानों में भी आग लगने की घटनाओं में इजाफा होने लगता है। जिले में गर्मी के मौसम में आगजनी की कई बड़ी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें मुख्य रूप से शार्ट सर्किट और सूखी फसलों को कारण माना जा रहा है। सिहावल तहसील के कपुरी बेदीलिहान गांव में अभी शार्ट सर्किट के कारण 4 एकड़ में फैली तैयार फसल और 30-35 पेड़ जलकर खाक गये। ग्रामीणों ने स्वयं आग बुझाई, क्योंकि दमकल समय पर नहीं पहुंच पाई थी। इसी तरह मझौली ब्लाक के कचहरिया गांव में एक नर्सरी में देर रात आग लगने ने हजारों फलदार और औषधिय पौधे जलकर खाक हो गये जिससे लाखों का नुकसान हुआ। ग्राम माटा करही टोला में रामदयाल गुप्ता के घर में भीषण आग लगने से घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। सीधी शहर में गुलाब टावर के समीप विद्युत पोल में आग लगने से आसपास के घरों और व्यवसायिक सम्पत्ति को खतरा पैदा हो गया। कुछ युवाओं ने समय रहते आग पर काबू पाया।




### जंगलों में लग रही है भीषण आग

भीषण गर्मी की विभीषिका बढ़ने के साथ ही तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में जंगलों में आग लगने की घटनाएं सर्वाधिक सामने आ रही हैं। अभी करीब 3-4 दिनों तक छुहिया घाटी के जंगलों में आग लगी हुई थी। किसी तरह उस पर काबू पाया गया। जिला मुख्यालय के समीपी पटेहरा-गोरियरा के जंगल में भी आग लगने की घटना के कारण समीपी ग्रामीणों के कई झोपड़ियां चपेट में आ चुकी हैं। इसके अलावा जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

### किराना दुकान में लगी भीषण आग, लाखों की क्षति

शहर के सोनांचल बस स्टैण्ड में संचालित रवी प्रोविजन किराना दुकान में अभी देर रात आग लगने की घटना से अफरा-तफरी मच गई। कलेक्टर विकास मिश्रा को भी स्वयं मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभालना पड़ा और नगर परिषद चुरहट से फायर ब्रिगेड बुलाकर आग बुझाने की मशक्कत करनी पड़ी। जिसके बाद भीषण आग पर काबू पाया गया और आसपास की दुकानें चपेट में आने से बच सकीं। उक्त आग लगने की घटना में व्यवसायी अजीत सितानी को लाखों की क्षति उठानी पड़ी।

### जिले में चालू हालत में आधा दर्जन फायर ब्रिगेड

नगर पालिका सीधी के पास दो बड़े एवं एक मिनी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था बनाई गई थी। गर्मी एक शुरू होने के बाद जब आगजनी की घटनाओं में इजाफा हुआ तो एक पुराने फायर ब्रिगेड की मरम्मत के लिये भोपाल भेज दिया गया। वहां उक्त फायर ब्रिगेड में लीकेज पानी टंकी के साथ ही पूरी बाडी बननी है, निश्चित ही इसमें समय लगेगा। वहीं मिनी फायर ब्रिगेड का पम्प बिगड़ने से उसे भी सुधार के लिये भोपाल भेजा जा रहा है। सीधी जिले में इसके अलावा नगर पंचायत मझौली में दो फायर ब्रिगेड, नगर परिषद चुरहट एवं रामपुर नैकिन में एक-एक फायर ब्रिगेड तथा अल्ट्राटेक सीमेंट के पास एक फायर ब्रिगेड है।



# बिजनेस सर्विस-मार्केट एंट्री सपोर्ट विषय पर कार्यक्रम आयोजित

## पीएम श्री संजय गांधी महाविद्यालय हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 अप्रैल। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी के इन्क्यूबेशन सेंटर में 'बिजनेस सर्विस- मार्केट एंट्री सपोर्ट' विषय पर एक विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं नवोदित उद्यमियों को व्यवसायिक सेवाओं में उपलब्ध अवसरों, बाजार में प्रवेश की रणनीतियों तथा स्टार्टअप प्रक्रियाओं से अवगत कराना रहा। इन्क्यूबेशन सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ.राकेश कुमार प्रजापति ने कहा कि वर्तमान समय में बिजनेस सर्विस सेक्टर तेजी से उभर रहा है और इसमें युवाओं के लिए व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन, सुनियोजित रणनीति और धैर्य के साथ कोई भी विचार सफल व्यवसाय का रूप ले सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इन्क्यूबेशन सेंटर विद्यार्थियों को आइडिया से लेकर बाजार तक पहुंचने में हरसंभव सहयोग प्रदान करता है। इसके पश्चात सहायक नोडल अधिकारी डॉ.गुलाम मोहिउद्दीन ने 'मार्केट एंट्री सपोर्ट' की अवधारणा को सरल और व्यवहारिक तरीके से समझाया। उन्होंने बाजार अनुसंधान, ग्राहक व्यवहार की समझ, प्रतिस्पर्धा का विश्लेषण तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने प्रश्न रखे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। इस अवसर पर इन्क्यूबेशन सेंटर के नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे उपयोगी एवं मार्गदर्शक कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई, जिससे विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलता रहे।

# फेस ऑथेंटिकेशन से आसान हुआ ई-केवाईसी

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 अप्रैल। अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में ऐसे अनेक नागरिक/हितग्राही हैं, जिनकी फिंगरप्रिंट या रेटिना सत्यापन नहीं हो पा रहा है तथा मोबाइल नंबर भी अपडेट नहीं है। इस कारण उनका ई-केवाईसी पूर्ण नहीं हो पाता और वे शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं।**


उन्होंने बताया कि अब इस समस्या के समाधान हेतु फेस ऑथेंटिकेशन की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे सभी नागरिक अपने नजदीकी आधार सेवा केन्द्र पर जाकर चेहरे के माध्यम से पहचान सत्यापित कराते हुए आसानी से अपना ई-केवाईसी पूर्ण करा सकते हैं। ई-केवाईसी पूर्ण होने के पश्चात हितग्राही पुनः विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करते हुए शीघ्र ई-केवाईसी पूर्ण कराएं, ताकि किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहें।

# विजय सिंह जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति के सदस्य नियुक्त

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 अप्रैल। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा एडवोकेट विजय कुमार सिंह को जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है।**

जिसमे सांदीपनि विद्यालय, पीएम श्री विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल स्कूलों एवं अन्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की मॉनिटरिंग और उनके सुचारु संचालन एवं कार्य योजना के निर्धारण का कार्य समिति करेगी यह समिति जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित की गई है। उल्लेखनीय है कि विजय सिंह मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख व क्षेत्र प्रमुख सहित अन्य विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। वे राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश के सदस्य भी रह चुके हैं और राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार चयन समिति में शिक्षाविद के रूप में भी रहे हैं। श्री सिंह स्कूल शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं देने के उपरांत



वर्तमान में अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में विद्या भारती के जिला सचिव के दायित्व का निर्वहन भी कर रहे हैं। इनकी इस नियुक्ति से निश्चित ही सीधी जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा। इस उपलब्धि के लिए स्कूल शिक्षा मंत्री का विजय सिंह द्वारा एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। श्री सिंह को जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर सतीश कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष म.प्र. शिक्षक संघ सीधी, रामजी शुक्ला जिला सचिव, सुरेन्द्र तिवारी जिला कोषाध्यक्ष, राजबहोर पाठक प्रांत प्रमुख साहित्यिक प्रकोष्ठ, शिव शंकर सिंह चौहान जिला संगठन मंत्री, गौतममणि अग्निहोत्री प्रांतीय उपाध्यक्ष, रामकृष्ण तिवारी पूर्व संभागीय अध्यक्ष, पुंडरीक सिंह सह संगठन मंत्री, संकर्षण प्रसाद द्विवेदी सह संगठन मंत्री, केके श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर नैकिन, कुमुद पाण्डेय ब्लॉक अध्यक्ष सीधी, नरेन्द्र तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष मझौली, आरबी सिंह ब्लॉक अध्यक्ष सिहावल, प्रवीण शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष कुसमी एवं समस्त पदाधिकारी शिक्षक साथियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# बस स्टैण्ड पर सघन जांच, नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 अप्रैल। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि 24 अप्रैल 2026 को नवीन बस स्टैण्ड सीधी में बसों की व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई।**

जांच के दौरान बसों में अग्निशमन यंत्रों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया तथा महिला एवं दिव्यांग यात्रियों के लिए आरक्षित सीटों के लेखन की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही यात्रियों से बस संचालकों द्वारा लिए जा रहे किराए के संबंध में भी पूछताछ की गई, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आ सके। निरीक्षण के दौरान विभिन्न कमियां



पाए जाने पर 18 वाहनों पर कुल 25,500 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। यह कार्रवाई मुख्यतः अग्निशमन यंत्र की एक्सपायरी, महिला एवं दिव्यांगों के लिए आरक्षित सीटों का उल्लेख न होने तथा अधिक किराया वसूलने जैसी अनियमितताओं के कारण की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बस संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे मोटरयान अधिनियम के सभी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए ही वाहनों का संचालन करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार की जांच कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी ताकि यात्री सुरक्षा एवं सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा सके।

# अवनि कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 अप्रैल। जिले में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले अवनि - नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर विकास मिश्रा ने चुरहट में निरीक्षण कर जायजा लिया। यह कार्यक्रम 25 अप्रैल 2026 को सायं 4 बजे से 6 बजे तक पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्य. विद्यालय चुरहट में आयोजित किया जाएगा।**



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जिले की अग्रणी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें समाज में रोल मॉडल के रूप में स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है इसलिए आयोजन को व्यवस्थित एवं आकर्षक रूप से संपन्न कराया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा उत्कृष्ट उत्पाद प्रदर्शनी एवं पोषण प्रदर्शनी को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए ताकि महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को जन-जागरूकता से जोड़ते हुए इसे व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाए। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले साड़ी वॉकथॉन एवं अन्य गतिविधियों को लेकर भी कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही क्रिएटिव कॉर्नर में स्कूली छात्राओं द्वारा चित्रकला के माध्यम से उड़ान - हमारा भविष्य कैसा हो? विषय पर अपने सपनों और आकांक्षाओं को प्रदर्शित करने की गतिविधि को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करेंगे और समाज में सकारात्मक संदेश देंगे। इस दौरान सहायक नोडल अधिकारी प्रवेश मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबीता खरे, डीपीएम आजीविका मिशन पुष्पेन्द्र सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# पीएम श्री आदर्श कन्या स्कूल के मेधावी छात्राएं सम्मान समारोह में हुईं सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 अप्रैल। शहर में संचालित पीएम श्री आदर्श कन्या हाईस्कूल सीधी के छात्राएं कक्षा दसवीं के परीक्षा में 100 प्रतिशत पास हुई हैं जिसमें 89 छात्राएं प्रथम श्रेणी में एवं 11 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में पास होकर विद्यालय परिवार एवं जिले का गौरव बढ़ाया है।**

सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीपीसी सीधी ओशो उत्सव ने अपने वक्तव्य में छात्रों के अभिभावक एवं विद्यालय के शिक्षकों का सराहना किया एवं सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी के प्राचार्य एस.एन.त्रिपाठी ने छात्राओं से आगे की पढ़ाई के लिए उत्कृष्ट जैसे विद्यालय में पढ़ने का संकेत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोमनिक खाखा एवं सुजीत मिश्रा आदि के गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। टॉप टेन की मेधावी छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति-पत्र एवं माल्यार्पण के साथ सम्मानित किया गया। जिसमें निक्की मिश्रा 95 प्रतिशत, शिवांगी नामदेव 93.4, अमीषा पटेल 92, कैलाशिनी राजक 90.2, सुभद्रा प्रजापति 90, काजल मिश्रा 87.6, रीठा भुजवा 85, आकांक्षा पांडे 84.8, रश्मी मौर्या 84.8, पूनम साकेत 84.4, राधा जायसवाल 83.6 प्रतिशत का परीक्षा परिणाम रहा, जिन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अपने ही विद्यालय में संपन्न हुआ। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रंजना द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रेषित की। विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। मंच संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ललन सिंह एवं आभार व्यक्त श्रीमती नीलू सोनी ने की।

# जनभागीदारी से ही मजबूत होगी पंचायती राज व्यवस्था : डॉ .मिश्रा

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 अप्रैल। पंचायती राज दिवस के अवसर पर चुरहट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झांझ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।**

इस अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र की आधारशिला है जो गांव स्तर पर विकास को गति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाकर ही देश के समग्र विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और गांवों के समग्र विकास के लिए समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने ग्रामीणों से भी आग्रह किया कि वे पंचायत के कार्यों में सहभागिता निभाते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करें। जिपं अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास की आधार शिला है। उन्होंने ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया।



# गोतरा में हनुमान जी की स्थापना पर हुआ भंडारा

नवभारत न्यूज

**कुसमी 24 अप्रैल। मां अष्टभुजी धाम गोतरा प्रांगण में बीते 23 अप्रैल दिन गुरुवार को कलश यात्रा के साथ श्री रामभक्त हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया।**

इसके पश्चात 24 अप्रैल दिन शुक्रवार को मानस समाप्ति, हनुमान जी की स्थापना के साथ दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ। जिसमे हजारों भक्तजनो ने कलयुग के साक्षात भगवान हनुमान जी का दर्शन किया।

भंडारे में रामसांचे दुबे, विनय शुक्ला चौकी प्रभारी निगरी, रोशनलाल गुप्ता, संतकुमार जायसवाल, रामनरेश तिवारी शिक्षक सहित हजारों भक्तजनो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सम्पन्न कराने मे आयोजक समाजसेवी राजेन्द्र शुक्ला, अजीत सिंह मुरारी, रवि गोस्वामी का सराहनीय योगदान रहा।

# समग्र व संतुलित विकास के लिए अद्यतन आंकड़ों का होना अत्यंत आवश्यक : डॉ .राजेश

## सांसद डॉ .राजेश मिश्रा एवं विधायक रीती पाठक ने की स्व-गणना, जनगणना में जनभागीदारी का दिया सशक्त संदेश





नवभारत न्यूज

**सीधी 24 अप्रैल। जनगणना प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जन-केन्द्रित बनाने के उद्देश्य से क्षेत्र के लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने स्वयं आगे आकर स्व-गणना के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कराई। इस पहल के माध्यम से उन्होंने आमजन को यह संदेश दिया कि जनगणना केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी और सहभागिता से जुड़ा राष्ट्रीय दायित्व है।**

इस अवसर पर सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि देश के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए सटीक और अद्यतन आंकड़ों का होना अत्यंत आवश्यक है। जनगणना से प्राप्त आंकड़े ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के समुचित वितरण और भविष्य की नीतियों के निर्धारण का आधार बनते हैं। उन्होंने बताया कि स्व-गणना की डिजिटल सुविधा नागरिकों को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक माध्यम प्रदान करती है, जिससे वे बिना किसी परेशानी के अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं।

विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित होना जरूरी है ताकि क्षेत्र की वास्तविक स्थिति सामने आ सके और उसी के अनुरूप विकास कार्यों की योजना बनाई जा सके। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की कि वे इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने परिवार की सही जानकारी दर्ज करें। उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि प्रत्येक नागरिक जनगणना में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे, क्योंकि यही सटीक आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं की मजबूत आधारशिला बनेंगे।

### स्व-गणना की समयसीमा एवं प्रक्रिया

स्व-गणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। इसके पश्चात 1 मई से प्रगणक घर-घर जाकर मकानों एवं परिवारों की गणना करेंगे, जिससे कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रह सके। दोनों जनप्रतिनिधियों ने यह भी रेखांकित किया कि डिजिटल स्व-गणना जैसी पहल नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे पारदर्शिता बढ़ती है और समय की बचत भी होती है।